# MP BOARD CLASS 11 PAPER 2014
# गणित : कक्षा XI

## बोर्ड परीक्षा प्रश्न-पत्र : 2014

**1. सही विकल्प चुनिए—** $5 \times 1 = 5$

(i) दो राशियों का समान्तर माध्य 27 एवं हरात्मक माध्य 12 हो तो उनका गुणोत्तर माध्य होगा—

(a) 18, (b) 324,
(c) 39, (d) 36.

(ii) यदि समीकरण $x^2 + 4xy + ky^2 = 0$ दो सम्पाती रेखाएँ प्रदर्शित करती है तो $k = ?$

(a) 0, (b) 1,
(c) 4, (d) 15.

(iii) परलवय $y^2 = 18x$ का बद्ध बिन्दु जिस पर कोटि, भुजा की तिगुनी है—

(a) (6, 2), (b) (5, 8),
(c) (−2, −6), (d) (2, 6).

(iv) $(x + a)^{2n}$ के प्रसार में पदों की संख्या होगी—

(a) $n^2$, (b) $(n+1)^2$,
(c) $(2n+1)$, (d) $(n-1)$.

(v) $(1 - 2x)^{-3}$ के प्रसार में $x$ का गुणांक होगा—

(a) −6, (b) 6,
(c) −3, (d) कोई नहीं।

उत्तर—(i) (a), (ii) (c), (iii) (d), (iv) (c), (v) (b).

**2. सत्य/असत्य बताइए—** $5 \times 1 = 5$

(i) असमीकरण $6x - 30 \geq 0$ का हल $x \leq 5$ होगा।

(ii) उद्देश्य फलन के अधिकतम या न्यूनतम मान को इष्टतम मान कहते हैं।

(iii) $y \leq 0$ का ग्राफ तृतीय एवं चतुर्थ चतुर्थांश में स्थित है।

(iv) $3x - 15 \leq 0$ का डोमेन $(\infty, 5)$ होगा।

(v) यदि संभाव्य क्षेत्र रिक्त समुच्चय हो तो समस्या का कोई हल नहीं होता।

उत्तर—(i) असत्य, (ii) सत्य, (iii) सत्य, (iv) सत्य, (v) सत्य।

**3. निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए—** $5 \times 1 = 5$

(i) श्रेणी 16, 11, 6....... का 8वाँ पद क्या होगा ?

(ii) रेखा $x + y = 2\sqrt{2}$ पर मूल बिन्दु से डाले गए लम्ब की लम्बाई क्या है ?

(iii) त्रिभुज की भुजाओं के रूप में cos A/2 का सूत्र क्या है ?

(iv) INDIA शब्द के अक्षरों को लेकर बने शब्दों की संख्या क्या होगी ?

(v) $\left(x - \frac{1}{x}\right)^6$ के प्रसार में $x$ से स्वतंत्र पद क्या होगा ?

उत्तर—(i) −19, (ii) 2 मात्रक, (iii) $\cos A/2 = \sqrt{\frac{s(s-a)}{bc}}$, (iv) 60, (v) −20.

4. खाली स्थान भरिए— $5 \times 1 = 5$

(i) यदि $|A| = 0$ तो आव्यूह A ........ होगी।

(ii) आव्यूह A, समशम कहलाता है यदि $A^2 =$ ........

(iii) त्रिभुज की भुजाओं के लम्बार्धकों के संगमन बिन्दु को त्रिभुज का ........कहते हैं।

(iv) यदि $h^2 = ab$ तो $ax^2 + 2hxy + by^2 = 0$ द्वारा प्रदर्शित रेखाएँ परस्पर ........होंगी।

(v) रेखा $y = mx + c$ के, वृत्त $x^2 + y^2 = a^2$ की स्पर्श रेखा होनें का प्रतिबन्ध ........ है।

उत्तर—(i) अव्युत्क्रमणीय, (ii) A, (iii) परिकेन्द्र, (iv) संपाती, (v) $y = mx \pm a\sqrt{1+m^2}$.

5. सही जोड़ी बनाइए— $5 \times 1 = 5$

| 'A' | 'B' |
|---|---|
| (a) $\log_e 2$ | (i) $2\left(1+\frac{1}{\lfloor 2}+\frac{1}{\lfloor 4}+.....\right)$ |
| (b) $e+\frac{1}{e}$ | (ii) $-x-\frac{x^2}{2}-\frac{x^3}{3}-\frac{x^4}{4}-.......$ |
| (c) $e^{-1}$ | (iii) $1-\frac{1}{2}+\frac{1}{3}-\frac{1}{4}+.......$ |
| (d) $\log_e(1-x)$ | (iv) $e$ |
| (e) $1+\frac{2}{\lfloor 2}+\frac{3}{\lfloor 3}+\frac{4}{\lfloor 4}$ | (v) $1-\frac{1}{\lfloor 1}+\frac{1}{\lfloor 2}-\frac{1}{\lfloor 3}+\frac{1}{\lfloor 4}-.......$ |
| | (vi) $x-\frac{x^2}{2}+\frac{x^3}{3}-\frac{x^4}{4}+.......$ |

उत्तर—(a) → (iii), (b) → (i), (c) → (v), (d) → (ii), (e) → (iv).

6. एक वृत्त का केन्द्र $(-2, 5)$ तथा त्रिज्या 3 है तो वृत्त का समीकरण ज्ञात कीजिए। 2

*अथवा*

वृत्त $x^2 + y^2 = 144$ के बिन्दु $(3, -2)$ पर स्पर्श रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

7. वृत्त $x^2 + y^2 - 2x + 4y - 11 = 0$ के केन्द्र के निर्देशांक एवं त्रिज्या ज्ञात कीजिए। 2

*अथवा*

वृत्त $x^2 + y^2 = 4$ का प्राचलिक समीकरण ज्ञात कीजिए।

8. यदि ${}^nP_4 = 20.\ {}^nP_3$ हो, तो $n$ का मान ज्ञात कीजिए। 2

*अथवा*

यदि ${}^{10}P_r = 720$ हो, तो $r$ का मान ज्ञात कीजिए।

9. सिद्ध कीजिए ${}^7C_2 + {}^7C_3 = {}^8C_3$. 2

*अथवा*

यदि ${}^nC_{10} = {}^nC_{14}$ हो, तो ${}^{25}C_n$ का मान ज्ञात कीजिए।

10. $\left(x - \frac{1}{2x}\right)^{10}$ के विस्तार में 7 वाँ पद ज्ञात कीजिए। 2

**अथवा**

$\left(x^3 - \frac{1}{x^2}\right)^{10}$ के प्रसार में 6 वाँ पद ज्ञात कीजिए।

**11.** यदि $a, b, c$ समान्तर श्रेढ़ी में हों, तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{ab+ac}{bc}, \frac{bc+ab}{ca}, \frac{ca+bc}{ab}$ भी समान्तर श्रेढ़ी में होंगे। 4

**अथवा**

श्रेढ़ी 6 + 66 + 666 + ........ का $n$ पदों तक योगफल ज्ञात कीजिए।

**12.** एक समान्तर श्रेढ़ी के तीन लगातार पदों का योगफल 27 एवं उनका गुणनफल 504 है। वे पद ज्ञात कीजिए। 4

**अथवा**

यदि किसी हरात्मक श्रेढ़ी का पाँचवाँ एवं आठवाँ पद क्रमशः $\frac{1}{11}$ एवं $\frac{1}{17}$ हैं। श्रेढ़ी ज्ञात कीजिए।

**13.** यदि $A = \begin{bmatrix} 1 & 1 & 2 \\ 2 & 1 & 0 \end{bmatrix}$ एवं $B = \begin{bmatrix} 1 & 3 \\ -1 & 0 \\ 2 & 4 \end{bmatrix}$ तो दर्शाइए कि $(A\,B)' = B'A'$. 4

**अथवा**

मैट्रिक्स के उपयोग से निम्नांकित समीकरणों को हल कीजिए—

$$2x - y + 3z = 0$$
$$x + y + z = 6$$
$$x - y + z = 2.$$

**14.** उस रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जो बिन्दु (3, 1) से होकर जाती है तथा रेखा $2x + 3y = 5$ पर लम्ब है। 4

**अथवा**

रेखाओं $4x^2 - 16xy + 7y^2 = 0$ के बीच के कोणों के अर्द्धकों का समीकरण ज्ञात कीजिए।

**15.** उस अति परवलय का समीकरण ज्ञात कीजिए जिसकी नाभियाँ (2, 0) और (– 2, 0) एवं उत्केन्द्रता $\frac{3}{2}$ है। 4

**अथवा**

परवलय $y^2 + 2y - 3x + 5 = 0$ के लिए शीर्ष, फोकस, अक्ष तथा नियता ज्ञात कीजिए।

**16.** सिद्ध कीजिए— $\tan 7A.\tan 4A.\tan 3A = \tan 7A - \tan 4A - \tan 3A$. 4

**अथवा**

समीकरण $\sin 7\theta = \sin\theta + \sin 3\theta$ को हल कीजिए।

**17.** सिद्ध कीजिए— $a \cos A + b \cos B + c \cos C = 2\, a \sin B \, \sin C$. 4

**अथवा**

$\Delta ABC$ में सिद्ध कीजिए कि— $2\left(a\sin^2\frac{C}{2} + c\sin^2\frac{A}{2}\right) = c + a - b.$

**18.** समीकरण हल कीजिए— **5**

$$x+y+z=6$$
$$xy+yz+zx=11$$
$$xyz=6.$$

***अथवा***

यदि समीकरण $ax^2+cx+c=0$ के मूलों में $p:q$ का अनुपात हो, तो सिद्ध कीजिए कि :

$$\sqrt{\frac{p}{q}}+\sqrt{\frac{q}{p}}+\sqrt{\frac{c}{a}}=0.$$

**19.** $(6+8i)$ का वर्गमूल ज्ञात कीजिए। **5**

***अथवा***

सिद्ध कीजिए— $\left[\frac{1+\cos\theta+i\sin\theta}{1+\cos\theta-i\sin\theta}\right]^n=\cos n\theta+i\sin n\theta.$

**20.** सिद्ध कीजिए— $\begin{vmatrix} a-b-c & 2a & 2a \\ 2b & b-c-a & 2b \\ 2c & 2c & c-a-b \end{vmatrix}=(a+b+c)^3.$ **5**

***अथवा***

यदि $a^{-1}+b^{-1}+c^{-1}=0$ तथा $\begin{vmatrix} 1+a & 1 & 1 \\ 1 & 1+b & 1 \\ 1 & 1 & 1+c \end{vmatrix}=k$ तब सिद्ध कीजिए कि—

$$k=abc.$$

**21.** एक स्थान से एक पहाड़ी के शिखर का उन्नयन कोण 45° देखा गया। शिखर की ओर 30° के ढलान पर 1 किमी चलाने पर उसी शिखर का उन्नयन कोण 60° देखा गया। पहाड़ी की ऊँचाई ज्ञात कीजिए। **5**

***अथवा***

एक स्तम्भ उत्तर की ओर झुका हुआ है। इसके ठीक दक्षिण में दो स्टेशन हैं। इनकी स्तम्भ से दूरियाँ क्रमशः $a$ एवं $b$ हैं। स्टेशनों से स्तम्भ की चोटी के उन्नयन कोण क्रमशः $\alpha$ एवं $\beta$ हैं। यदि स्तम्भ का क्षैतिज से झुकाव $\theta$ है तो सिद्ध कीजिए $\cot\theta=\frac{b\cot\alpha-a\cot\beta}{b-a}$.

**22.** निम्नलिखित सारणी से माध्यिका एवं माध्यिका से माध्य विचलन की गणना कीजिए—**5**

| वर्ग | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 |
|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 6 | 7 | 14 | 16 | 7 |

***अथवा***

निम्नांकित वितरण के लिए विचरण गुणांक ज्ञात कीजिए—

| व्यय (रुपयों में) | 0–5 | 5–10 | 10–15 | 15–20 | 20–25 |
|---|---|---|---|---|---|
| मुर्गियों की संख्या | 6 | 10 | 12 | 10 | 8 |